wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-45 | सागवाड़ा, शनिवार,9 अक्टूबर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## गैंजी सीएचसी में जनरेटर सेट का लोकार्पण

**झौथरी ।** जन शिक्षा एवं विकास संगठन माड़ा एवं ए यू स्माल फाइनेंस बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में गैजी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित 1500 वाट का जनरेटर सेट लोकार्पण किया। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा, आरसीएचओ कांतिलाल जी पलात, उप निदेशक आईसीडीएस कमला परमार, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक अनिल मीना, संस्था अध्यक्ष डॉ जे के रोत एवं ए यू बैंक के श्रमान दीपक के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ।

प्रारम्भ में संस्था निदेशक देवीलाल व्यास ने सभी अतिथियों, लाभार्थियों, वोलेंटियर, पंचायत सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं संगठन कर्मिकों को स्वागत उध्बोधन के साथ ही संस्था स्तर पर कोविड 19 के पूरे दौर में किये गये कार्यो एवं आगामी समय मे अधिकतम कोरोना टीकाकरण के लिए चिकित्सा विभाग को पूर्ण सहयोग करने आश्वस्त किया।

## डूंगरपुर के मेडिकल कॉलेज में अब स्पेशलिस्ट डॉक्टर होंगे तैयार, डिप्लोमा कोर्स के लिए मंजूरी

### डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में 5 डिप्लोमा कोर्स के लिए 52 सीटें की स्वीकृति दी है

**डूंगरपुर,सपना शर्मा।** प्रदेश के डूंगरपुर जिले के मेडिकल कॉलेज में अब स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैयार होंगे। डिप्लोमेंट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) से 5 डिप्लोमा कोर्स के लिए मंजूरी मिल गई है। इससे आने वाले समय मे आदिवासी इलाके में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी और लोगों को भी बेहतर इलाज मिल सकेगा। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज इस साल चौथे वर्ष में प्रवेश कर रहा है और इसी बीच मेडिकल कॉलेज को एमबीबीएस के बाद डिप्लोमा कोर्स की मंजूरी मिलना सबसे बड़ी उपलब्धि है।

मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ। महेंद्र डामोर ने बताया कि डिप्लोमेंट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) की ओर से डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में 5 डिप्लोमा कोर्स की स्वीकृति मिली है। इनमें कुल 52 सीटें दी गई है जिन पर एमबीबीएस डॉक्टरों को प्रवेश मिलेगा, जो स्पेशलिस्ट डिप्लोमा कोर्स करना चाहते हैं। इसमें फैमिली मेडिसिन, एनेस्थीसिया, ईएनटी (नाक, कान, गला रोग), पीडियाट्रिक (शिशु रोग) और ऑप्थोमोलॉजी (नैत्र रोग विशेषज्ञ) विभाग में डिप्लोमा कोर्स की मंजूरी मिल गई है।यह डिप्लोमा कोर्स 2 साल के होंगे, जिसमें एमबीबीएस डॉक्टरों को उनकी विषय विशेषज्ञता के बारे में सिखाया जाएगा। अधीक्षक ने बताया कि इससे डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में ही विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार होंगे।

## बांसवाड़ा- शराबी पति से तंग महिला फंदे से झूली

**बांसवाड़ा।** शराबी पति से तंग एक महिला ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। महिला ने एक साल पहले तीन लड़कियों के बाद एक लड़के को भी जन्म दिया। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। इधर, लड़की के भाई ने उसके जीजा के खिलाफ मारपीट कर बहन को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कराया है। अब पुलिस मामले में जांच कर रही है। सदर थाना प्रभारी पूनाराम गुर्जर ने बताया कि आदर्श नगर, गोरड़ी निवासी अनीता (30) पत्नी बापूलाल चरपोटा ने घर के भीतर फंदा लगा लिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों की मदद से शव उतरवाया। थाना प्रभारी गुर्जर ने बताया कि बापूलाल, मजदूरी करता है। वह अक्सर शराब के नशे में रहता है। नशे में वह आए दिन पत्नी से झगड़ा करता था। इससे महिला परेशान थी। पति से झगड़े के बाद वह फंदे से झूल गई।

पुलिस ने बताया कि अनीता का करीब 12 साल पहले बापूलाल से विवाह हुआ था। इसके बाद उसने 3 लड़की और एक लड़के को जन्म दिया। लड़का एक साल का है। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

## फायरिंग में बेस्ट शूटिंग का पहला अवार्ड बांसवाड़ा की सार्जेंट कल्पना मईड़ा को और तीसरे नंबर पर रहा डूंगरपुर

### NCC के 270 कैडेट्स के बीच ड्रिल, शूटिंग, टर्न आउट जैसे कॉम्पटिशन हुए

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा में चल रहे 10 दिवसीय NCC कैंप में उदयपुर संभाग के बेस्ट कैडेट्स चुने गए। यहां CAT (कंबाइंड एन्युअल ट्रैनिंग) कैंप में 270 कैडेट्स के बीच ड्रिल, शूटिंग, टर्न आउट जैसे कॉम्पटिशन हुए। कई मानदण्डों में बेस्ट परफॉर्म करने वाले कैडेट्स को कैंप के अंतिम दिन 10 राज बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल निर्भय कुमार ने सम्मानित किया। GGT के कुलपति आई.बी. त्रिवेदी, जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, वेद विद्यापीठ के निदेशक महिपालसिंह राव, कॉलेज डायरेक्टर मनीष त्रिवेदी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। फायरिंग में बेस्ट शूटिंग का पहला अवार्ड बांसवाड़ा गवर्नमेंट कॉलेज की सार्जेंट कल्पना मईड़ा को (गोल्ड) मिला। वहीं सेकंड अवार्ड इसी कॉलेज के सार्जेंट निलेश मईड़ा को (सिल्वर) मिला। डूंगरपुर कॉलेज के सुनील पटेल और लियो कॉलेज के राज संत्रा को तीसरा अवार्ड मिला। पायलट वर्ग में लियो कॉलेज के मोहित गरासिया व महेश डामोर को गोल्ड मिला।

## जम्मू कश्मीर में हिंदुओं की हत्या के विरोध में हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला सागवाड़ा की ओर से ज्ञापन सौंपा



**सागवाड़ा।** जम्मू कश्मीर में नृशंस भारतीयों की विशेष रुप से हिंदुओं की आतंकवादियों के द्वारा हत्या किए जाने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला सागवाड़ा के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया गया।शनिवार को उपखंड मुख्यालय सागवाड़ा पर उपखंड अधिकारी के नाम महामहिम राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। विहिप के विभाग सह मंत्री नरेंद्र भगत, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश व्यास , बजरंग दल जिला संयोजक पंकज पाटीदार, नगर सयोजक शिवांग पंवार व विभिन्न हिंदूवादी संगठनों भूपेश पवार श्याम भट्ट, नयन कटारा, दशरथ खटीक कमलेश रावल, सांसद कनकमल कटारा सहित सैकड़ों विहिप बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, नृशंस हत्या बंद हो, दूध मांगोगे तो खीर देंगे कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे... नारे लगाते हुए गोल चौराहे से उपखंड अधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च किया गया। गोल चौराहे पर पाकिस्तान के झंडे को जलाया गया। केंद्र सरकार से कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर जिहादी आतंकवाद पर नकेल कसने की मांग की। पाकिस्तान को करारा जवाब और सबक सिखाया जाने की मांग की गई। कश्मीर घाटी में हिंदुओं के पुनर्वास व उनके स्वच्छंद विचरण की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं हिंदुओं की लगातार चुन-चुन कर हो रही नृशंस हत्याओं पर लगाम एवं उनकी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने की मांग की।

## उदयपुर जिले में चोरी के मामले में डूंगरपुर के 3 बदमाश गिरफ्तार

**गणेशपुर।** उदयपुर जिले के सेमारी थाना पुलिस ने सीमेंट मिक्चर मशीन चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए डूंगरपुर जिले के निवासी 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है । आरोपियों ने डूंगरपुर जिले से 6 और उदयपुर जिले से 4 मशीने चोरी करना कबूल किया है । सेमारी थाने के थानाधिकारी कर्मवीर सिंह ने बताया की 6 अक्टूबर को सदकडी भोपाल फला निवासी कांतिलाल मीणा ने थाने में रिपोर्ट दी थी जिसमे बताया था की 4 अक्टूबर को भोपाल फला में मकान के बाहर से उसकी सीमेंट मिक्चर मशीन चोरी हो गई थी ।

जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की । अनुसंधान में पुलिस ने संदेह होने पर डूंगरपुर जिले के डचकी निवासी पुष्प मीणा, मंगला मीणा और माथुगामडा फला ढाबरा निवासी धुलेश्वर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो तीनो युवको ने उक्त वारदात को करने सहित 10 सीमेंट मिक्चर मशीन चोरी की वारदाते करना कबूल किया । इन वारदातों में डूंगरपुर जिले के कोतवाली व दोवडा थाना क्षेत्र से 6 मशीने व उदयपुर जिले से 4 सीमेंट मिक्चर मशीने चोरी करने की वारदात शामिल है । इधर मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है ।

## ग्राम विकास अधिकारी भर्ती के आवेदन की तिथि बढ़ाई

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 3896 ग्राम विकास अधिकारी (VDO) के पदों पर होने वाली भर्ती परीक्षा के आवेदन की अंतिम तारीख आगे बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 11 अक्टूबर रात 12 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि शनिवार रात तक थी। परीक्षा 27 व 28 दिसंबर को दो पारियों में होगी। इस बार ग्राम विकास अधिकारी सामान्य वर्ग के लिए 3222 और अनुसूचित जाति के लिए 674 पद निर्धारित हैं। प्रश्न-पत्र अधिकतम 100 अंकों का होगा। सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव होंगे। इस दौरान अभ्यर्थी को ओएमआर शीट में ऑफलाइन परीक्षा देनी होगी। नेगेटिव मार्किंग भी होगी। हर गलत उत्तर पर 1/3 अंक काटे जाएंगे। अभ्यर्थियों को पास करने के लिए न्यूनतम 40% अंक लाना अनिवार्य होगा। इसके बाद कट ऑफ सूची जारी की जाएगी। अभी यह स्पष्ट किया जाना शेष है कि यह 40 प्रतिशत का बैरियर सामान्य अभ्यर्थियों के लिए है या सभी के लिए।

## जिला स्तरीय वॉलीबोल प्रतियोगिता शुरू

**डूंगरपुर।** जिले के जिला वॉलीबोल संघ की ओर से आज शहर के लक्ष्मण मैदान में जिला स्तरीय वॉलीबोल प्रतियोगिता का आगाज हुआ । प्रतियोगिता में जिलेभर की 36 टीमे भाग ले रही है जिसमे 4 टीम महिलाओं की शामिल है । डूंगरपुर जिला वॉलीबोल संघ के जिला अध्यक्ष पूनमचंद लबाना ने बताया की जिले की वॉलीबोल खेल प्रतियोगिताओं को आगे लाने के लिए जिला वॉलीबोल संघ की ओर से आज से शहर के लक्ष्मण मैदान में जिला स्तरीय वॉलीबोल प्रतियोगिता शुरू हुई है । जिसमे उद्घाटन मैच कहारी ए और शिशोद गाँव की टीम के बीच हुआ जिसमे कहारी ए गाँव की टीम विजेता रही । इधर उन्होंने बताया प्रतियोगिता में पुरुषो की 32 टीम व महिलाओं की 4 टीम भाग ले रही है । उन्होंने बताया की कल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मेच खेले जायेंगे और शाम को समापन समारोह का आयोजन होगा ।

## शिक्षक धर्मेंद्र कुमार का सम्मान

**सागवाड़ा।**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वगेरी में कार्यरत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार पंड्या निवासी भीलूड़ा का वगेरी के ग्रामीणों की ओर सम्मान किया गया।

समाज सेवी दलीचंद बुनकर ने बताया कि सिविल सर्विसेज राष्ट्रीय स्तर टेबल की टूर्नामेंट दिल्ली में आयोजित हुई। जिसमे पंड्या को राजस्थान की टीम के रूप राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया।

दिल्ली से लौटने के बाद ग्रामीणों ने सम्मान किया इस अवसर पर सरपंच नंदलाल डामोर, समाज सेवी दलीचंदबुनकर, सत्यनारायण वैष्णव, हिम्मत सिंह चौहान, जुईता परमार, विनोद माल, वीरम डोडियार, विठ्ठल गायरी, चन्दवीर सिंह, दिनेश पंड्या विजय बुनकर, हितेश जोशी, नयनेश सुथार विजय जोशी, मौजूद थे।

## डूंगरपुर शहर में मौसम के 2 रूप, पुराने शहर में आधे घंटे तक तेज बारिश, कलेक्ट्री समेत नए बाजार में सूखा

**डूंगरपुर।** शहर में शनिवार को मौसम के 2 रंग देखने को मिले। दोपहर के समय डेढ़ बजे पुराने शहर में करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई और सड़कों पर पानी बहने लगा तो वहीं कलेक्ट्री समेत नए शहर में सूखा रहा ऐसे में जो लोग नए शहर से पुराने शहर में गए वे भी बारिश को देखकर चोंक गए। दरअसल शनिवार को सुबह से आसमान साफ रहा। दिन चढ़ने के साथ सूरज की तेज किरणें निकल आई और गर्मी के साथ ही उमस का असर बढ़ गया, इससे लोग पसीने से तरबतर ओर बेहाल रहे। लेकिन दोपहर करीब डेढ़ बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में घनघोर काले बादल छा गए और तेज हवाएं भी चलने लगी, लेकिन पुराने शहर में बारिश हुई तो वही नया शहर सूखा ओर साफ रहा। एक समय में शहर में मौसम के 2 अलग-अलग रंग देखने को मिले। शहर में तहसील चौराहा से अंदर पुराने शहर में करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई, जिससे सड़को पर पानी बहने लगा, जबकि तहसील चौराहा से नया बस स्टैंड तक मामूली बूंदाबांदी का असर रहा। वहीं कलेक्ट्री में सामने, गांधी आश्रम, हॉस्पिटल रॉड के भाग में बारिश नहीं हुई और सड़क तक सूखी रही। नए शहर से जो लोग पुराने शहर में आए वे बारिश देखकर चोंक गए। जबकि कलेक्ट्री रोड पर बारिश नहीं होने से लोग अचंभे में थे। पुराने शहर में बारिश का दौर थमा। इसके बाद नए शहर में हाउसिंग बोर्ड इलाके में हल्की बूंदाबांदी हुई लेकिन जिस तरह पुराने शहर में तेज बारिश देखी गई, वैसी नहीं हुई। वही शहर के आसमान में घनघोर काले बादल छाए रहे। वहीं बारिश के बाद मौसम ठंडा हो गया ओर दिनभर से गर्मी झेल रहे लोगों को राहत मिली।

## टाइम पर सैलरी नहीं मिलने से नाराज एम्बुलेंस संचालकों ने 11 अक्टूबर से दी हड़ताल की चेतावनी

**जयपुर।** 104 एम्बुलेंस के पहिये 11 अक्टूबर से थम सकते हैं। एम्बुलेंस चलाने वाले ड्राइवरों को समय पर सैलरी नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों ने 11 अक्टूबर से हड़ताल की चेतावनी दे दी है। राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि राज्य में इस योजना के तहत 580 से ज्यादा एम्बुलेंस चलाई जा रही हैं। यह एम्बुलेंस सर्विस उन गर्भवती महिलाएं के लिए शुरू की गई जो गांव या छोटे कस्बों में दूर-दराज के इलाकों में रहती हैं और हॉस्पिटल तक नहीं पहुंच नहीं पातीं। इन एम्बुलेंस का संचालन करने में करीब 1200 ड्राइवर का स्टाफ है। फरवरी में जब से एम्बुलेंस संचालन का कॉन्ट्रैक्ट दूसरी फर्म को दिया है, तब से वह फर्म ड्राइवरों को 2 से 3 महीने के अंतराल में सैलरी दे रही है। जो सैलरी दी जाती है उसमें भी किसी न किसी कारण से कटौती कर ली जाती है।

## 30 लाख रुपए की शराब तस्करी में पकड़े कंटेनर ड्राइवर का 3 दिन का रिमांड

**डूंगरपुर।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने 30 लाख रुपए की शराब गुजरात तस्करी में पकड़े गए आरोपी कंटेनर ड्राइवर को शनिवार को कोर्ट में पेश किया। न्यायालय से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। वहीं, पुलिस शराब तस्करों के ठिकानों को तलाशने में जुट गई है। इसके लिए पुलिस की एक टीम अलवर के लिए रवाना हो गई है। थानाधिकारी रणजीतसिंह ने बताया कि पशुआहार की आड़ में 30 लाख की शराब गुजरात में तस्करी करते एक कंटेनर को पकड़ा था। कंटेनर में मिली 515 पेटी अवैध शराब को जब्त कर कंटेनर ड्राइवर राकेश पुत्र बालूराम गुर्जर निवासी डुंगरिया ढाणी नारायणपुरा अलवर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने शनिवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से 11 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। थानाधिकारी ने बताया कि कोर्ट के रिमांड के बाद आरोपी चालक राकेश ने पूछताछ में बताया कि कंटेनर को अलवर से लेकर आ रहा था। जिस पर पुलिस की एक टीम आरोपी को अलवर लेकर रवाना हो गई है। इसके बाद पुलिस शराब से जुड़े आगे के तार जोड़ने के प्रयास करेगी। शराब हरियाणा निर्मित होने के कारण हरियाणा से इस शराब के तस्करी कर राजस्थान-गुजरात तक पंहुचाया गया था। ऐसे में पुलिस हरियाणा में भी शराब के ठिकानों को खंगालेगी, जहां से शराब को कंटेनर में भरकर तस्करी हो रही थी। गुजरात मे शराब पर प्रतिबंध है, लेकिन पकड़ी गई 30 लाख रुपए की 515 पेटी शराब भी गुजरात ही जा रही थी। ऐसे में पुलिस जब्त शराब को गुजरात के किन ठिकानों पर ले जा रहे थे, इसकी पड़ताल भी कर रही है।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा सागवाडा नगर मंडल कार्यकारीणी की घोषणा

**सागवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभु पण्डया एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती एवं मण्डल अध्यक्ष श्याम भट्ट की अनुशंसा पर युवा मोर्चा नगर मण्डल सागवाड़ा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया ने युवा मोर्चा मण्डल कार्यकारीणी की घोषणा की।

जिसमें मण्डल उपाध्यक्ष अक्षय खटीक,भाविन कलाल, जशानिल जैन, दिपेश परमार, मण्डल महामंत्री भावेश माली, जुगल पंवार, मण्डल मंत्री लक्ष्य पंचाल, महिपाल परमार, रितीक कलाल,अनिल कटारा, राकेश यादव, मंडल कोषाध्यक्ष मिहीर व्यास और लोकेश ननोमा, नायर भावसार, विनय भावसार, राज गर्ग, प्रकाश चौहान, निशांत भट्ट, मयंक सेवक,जुगल सेवक, को सदस्य मनोनीत किया है। यह जानकारी भाजयूमो जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटीक ने दी।

## तो क्या इस लिए ‘सचिन पायलट’ गहलोत के बने ‘पायलट’

### वल्लभनगर विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए आए थे सीएम गहलोत और पायलट

**उदयपुर।** राजनीतिक संबंध बेहतर नही होने के बाद भी सचिन पायलट और सीएम अशोक गहलोत की वल्लभनगर की तस्वीर सब को हेरान कर रही थी।



वल्लभनगर विधानसभा चुनाव में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के स्टीयरिंग संभालने के तस्वीर के परदे पीछे की कहानी सामने आई है। उस तस्वीर के पीछे बड़ा कारण था जिसे पायलट के कहने पर गहलोत ने माना और बाद में पायलट ने स्टीयरिंग संभाला। वल्लभनगर विधानसभा में उपखंड मुख्यालय पर कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति शक्तावत के समर्थन में सभा को संबोधित करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी अजय माकन, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा हेलीकॉप्टर से साथ ही आए थे। सुत्रों की माने तो जब हेलीपैड से सभा स्थल पर जाने के लिए चारों नेता एक गाड़ी में सवार हुए तो गाड़ी फ्रंट सीट पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बैठे, जबकि पीछे वाली सीट पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अजय माकन और सचिन पायलट बैठ गए।

गाड़ी में पीछे वाली सीट पर सिर्फ दो लोग बैठ सकते थे। वही गाड़ी को चालक चला रहा था। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पीछे की गाड़ी में बैठ गए। कुछ दूर चलने पर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने गहलोत से कहा कि पीसीसी चीफ अलग गाड़ी में रहेंगे तो ठीक संदेश नहीं जाएगा।

उनको भी इधर बुला लेते मै गाड़ी चला लेता हूं। गहलोत ने पायलट की बात मान ली। फिर क्या डोटासरा भी इसी गाड़ी में माकन के साथ पीछे की सीट पर सवार हो गए और आगे गहलोत के पास पायलट ने गाड़ी चलाई। जयपुर से ही हेलीकॉप्टर से गहलोत, माकन, पायलट व डोटासरा साथ ही आए थे। माकन व गहलोत ने हेलीकॉप्टर में सवार होने के बाद उसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की थी।